## शिकारपुर सोसायटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने में अधिकारी कर रहे टालमटोली

# कालाबाजारी, जमाखोरी, बिना लाइसेंस के बिक्री

# अन्नदाता को सिस्टम ने छोड़ा अकेला, जिम्मेदार मौन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिले में खेती-किसानी एक बार फिर गंभीर संकट के दौर से गुजरती दिखाई दे रही है। खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों की उम्मीदें जहां समय पर खाद और बीज मिलने पर टिकी थीं, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कालाबाजारी, जमाखोरी और घटिया गुणवत्ता वाले खाद-बीज की आपूर्ति की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे किसानों में गहरा असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।छिंदवाड़ा जिला लंबे समय से कृषि उत्पादन के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन मौजूदा हालात यह सवाल खड़ा कर रहे हैं कि क्या प्रशासन और संबंधित विभाग वास्तव में किसानों के हित में काम कर रहे हैं, या फिर योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं।



फाइल फोटो

### राज्य सरकार का अभियान, लेकिन जिले में असर नदारद

किसानों की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने खाद और बीज की गुणवत्ता, भंडारण और वितरण को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कृषि आदानों की जांच कराई गई, कई अनियमितताओं पर कार्रवाई की बात कही गई और अनेक लाइसेंस भी निरस्त किए गए। साथ ही खरीफ सीजन के दौरान विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।लेकिन छिंदवाड़ा जिले में इन निर्देशों का असर जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देता। यहां न केवल अवैध रूप से खाद-बीज की बिक्री जारी है, बल्कि विभागीय लापरवाही भी खुलकर सामने आ रही है।

### बिना लाइसेंस बीज बिक्री और उद्यानिकी विभाग की भूमिका

सबसे गंभीर आरोप उद्यानिकी विभाग पर लग रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जिले में बिना लाइसेंस वाली दुकानों से उद्यानिकी फसलों के बीजों का विक्रय कराया जा रहा है। यह न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि किसानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। घटिया या अमानक बीज का असर सीधे फसल पर पड़ता है, जिससे उत्पादन घटता है और किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।इसके बावजूद उद्यानिकी विभाग की ओर से न तो ठोस कार्रवाई दिखाई देती है और न ही पारदर्शिता।

### कृषि विभाग की टोकन पद्धति भी फेल

खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने टोकन पद्धति लागू की थी। दावा किया गया था कि इससे किसानों को लाइन में लगकर खाद मिलेगी और कालाबाजारी पर रोक लगेगी। लेकिन हकीकत यह है कि टोकन पद्धति के बावजूद दर्जनों किसान ऐसे हैं जिन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है।कई किसानों का कहना है कि वे घंटों समितियों के चक्कर काटते हैं, लेकिन कभी खाद खत्म होने की बात कही जाती है, तो कभी अगले दिन आने को कहा जाता है। मजबूरन कुछ किसान ऊंचे दामों पर निजी विक्रेताओं से खाद खरीदने को विवश हो रहे हैं।

### शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं

यदि कोई किसान हिम्मत कर शिकायत दर्ज कराता है, तो स्थिति और भी निराशाजनक हो जाती है। कलेक्टर स्तर से यह कहा जाता है कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए, लेकिन कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एफआईआर कराने से कतराते नजर आते हैं। जांच के नाम पर मामलों को लंबित कर दिया जाता है और समय बीतने के साथ शिकायतें ठंडे बस्ते में चली जाती हैं।यह रवैया न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है, बल्कि किसानों के भरोसे को भी तोड़ता है।

### शिकारपुर समितिः लापरवाही का जीवंत उदाहरण

शिकारपुर खाद सोसाइटी का मामला जिले में विभागीय लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। इस समिति को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आईं, जिसके बाद जांच की बात कही गई। लेकिन हैरानी की बात यह है कि महीनों की मशक्कत के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई।किसान बार-बार सवाल उठा रहे हैं कि जब जांच हो चुकी है, तो रिपोर्ट छिपाई क्यों जा रही है? क्या जांच में ऐसी बातें सामने आई हैं, जिनसे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं? जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक न करना संदेह को और गहरा करता है।




### तुरंत जांच और कार्रवाई क्यों नहीं?

किसानों और सामाजिक संगठनों का स्पष्ट कहना है कि यदि कोई शिकायत सामने आती है, तो उसकी जांच तुरंत होनी चाहिए और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना भी जरूरी है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।लेकिन छिंदवाड़ा जिले में स्थिति इसके उलट है। लीपापोती का आरोप लगातार विभागों पर लग रहा है और इसका खामियाजा सीधे आम किसान को भुगतना पड़ रहा है।

### योजनाएं कागजों में, किसान परेशान

खाद की मारामारी को रोकने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गईं, नई-नई पद्धतियां लागू की गईं, लेकिन आज भी कई किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। सवाल यह है कि जब योजनाएं जमीन पर लागू ही नहीं हो रहीं, तो उनका क्या लाभ?किसानों का यह भी आरोप है कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकारी खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि या तो प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी है, या फिर किसी स्तर पर मिलीभगत हो रही है।

### भरोसे का संकट

आज स्थिति यह है कि किसान यह मानने को तैयार नहीं हैं कि कृषि और उद्यानिकी विभाग वास्तव में उनके हित में काम कर रहे हैं। जब समय पर खाद-बीज नहीं मिलेगा, शिकायतों पर सुनवाई नहीं होगी और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तो किसान किस पर भरोसा करें?खेती पहले ही मौसम, लागत और बाजार के जोखिमों से जूझ रही है। ऐसे में यदि व्यवस्था ही किसान के खिलाफ खड़ी नजर आए, तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है।

## ट्रांसफॉर्मरों के आसपास से अतिक्रमण हटाया, नगर निगम का अभियान जारी



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त श्री सी. पी. राय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर ट्रांसफॉर्मरों के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के अंतर्गत हिन्दी प्रचारिणी के पास, पोस्ट ऑफिस के सामने, पालिका मार्केट बुधवारी बाजार में, मोतीलाल किराना के सामने, छापाखाना क्षेत्र, साहू ज्वेलर्स के सामने, रेतु कहार के बाजू में तथा इतवारी बाजार गल्ला मार्केट के पास स्थित ट्रांसफॉर्मरों के आसपास से अतिक्रमण हटाकर संबंधित स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सौंसर में'प्रतिवाद दिवस

**सौंसरः** शिवपुरी जिले के करैरा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता स्व. संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में सौंसर में भी वकीलों का भारी आक्रोश देखने को मिला। म.प्र. बार काउंसिल जबलपुर के आह्वान पर तहसील अधिवक्ता संघ सौंसर के सदस्यों ने सोमवार, को न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर 'प्रतिवाद दिवस' मनाया।अधिवक्ता संघ ने इस घटना को लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर हमला बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। 14 फरवरी को अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना जब न्यायालय जा रहे थे, तब कुछ असामाजिक तत्वों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' (अधिवक्ता सुरक्षा कानून) को तत्काल लागू करने की मांगदोहराई, है। प्रतिवाद दिवस के कारण तहसील न्यायालय में कामकाज पूरी तरह ठप रहा।तहसील अधिवक्ता संघ के एड एम.एम. पुरी, हरीश बत्रा, हेमंत गुप्ता, एन.जी. ठाकरे, श्रीमती संजीवनी दामले, रविशंकर धुर्वे, दिनेश भकने, प्रयाग सिरसे, सुधाकर कलम्बे, अजय शेन्डे, नरेन्द्र गजभिये,सुभाष सोनेकर, आर.एन. वाघ, नरेश रामटेके, विद्याशील बागडे, श्रीमती दीपाली सिते,कविता फरकारे, हसीना पठान, सुवर्णा टेम्भे, डी.आर. गारवे,एड सरोज ढुफारे,नरेश कडवे, अमित ढुफारे,भूषण अढाऊ सहित अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### मोक्षधाम बोरगांव में शिव प्रतिमा का हुआ लोकार्पण

**सौंसर।** मगलवार को समाज सेवा और जनहित के संकल्प के साथ नाग नदी मोक्षधाम, बोरगांव के कायाकल्प का कार्य संपन्न हुआ। साथ ही एक गरिमापूर्ण समारोह में भगवान शिवजी की भव्य प्रतिमा की स्थापना और नवनिर्मित सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस पवित्र स्थान को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस कर जनसामान्य को समर्पित कर दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशवरावजी ताजने ने की लोकापर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रुप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,सरपंच पंकज दातारकर, चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा,मोहन ताजने,वामन ठोबरे, आर गोपाल द्रविड़,हर्षल ताजने,घनश्याम कालपाण्डे,प्रदीप कालपाण्डे,पुरुषोत्तम काकड़े,आदि थे।मिली जानकारी के अनुसारबोरगांव मोहन ताजने परिवार और दानदाताओं का अनुकरणीय सहयोग से मोक्षधाम के जीर्णोद्धार और सुविधाओं के विस्तार में क्षेत्र के प्रतिष्ठित परिवारों और उद्योगपतियों ने मुक्त हस्त से सहयोग किया है। भगवान शिवजी की भव्य प्रतिमा की स्थापना और आगंतुकों के बैठने हेतु सुंदर बैठक व्यवस्था स्व. गुलाबरावजी ताजने की पावन स्मृति में ताजने परिवार की ओर से की गई है। अंतिम विदाई के समय पार्थिव देह के संरक्षण हेतु आवश्यक 'शव घर फ्रीजर' का दान वामन भाऊ ठोंबरे द्वारा किया गया।पूरे परिसर को दूधिया रोशनी से सराबोर करने के लिए हाई मास्ट पोल लाइट की व्यवस्था जे.डी.एस. ग्रुप के विशेष सहयोग से पूर्ण हुई।लोकार्पण अवसर पर आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ और अन्य वक्ताओं ने कहा कि मोक्षधाम जैसे पवित्र स्थानों का सौंदर्यीकरण समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

## पेड़ छंटाई के दौरान करंट लगने से मौत

**ग्राम पंचायत दीघावानी का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मामला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत दिघावानी के पवन कॉलोनी में पेड़ छंटाई के दौरान करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है ।मिली जानकारी के अनुसार 54 वर्षीय जंगलू पिता तिलकू वार्ड 9 हथियागढ़ मोहल्ला दिघावानी निवासी अपने साथी रामू विश्वकर्मा के साथ पवन कॉलोनी में दुर्गा पटेल के घर के पीछे सोमवार सुबह 9 बजे के करीब नीलगिरी के पेड़ की छंटाई करने गया था । दुर्गा पटेल और रामू रस्सी लाने का कहकर रस्सी लेने गए थे । इस दौरान जंगलू झाड़ पर चढ़ा और पेड़ की छंटाई करने लगा । पेड़ की एक शाखा कटकर पेड़ से कुछ दूरी से गई वेकोलि के बिजली तार पर गिरी । शाखा का दूसरा सिरा जंगलू के पैर पर गिरा । तार में करंट होने से शाखा के जरिये जंगलू करंट की चपेट में आ गया और झाड़ पर ही गिर गया । जब दुर्गा और रामू रस्सी लेकर लौटे तो जंगलू को पेड़ पर लटका हुआ देखा तो पुलिस को सूचना दी । पुलिस के आने के बाद वेकोलि की क्रेन बुलाई गई और शव को पेड़ से उतारा गया ।

## आज कृषि प्रबोधन' रिधोरा में ड़हाका सम्मेलन, सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला प्रशासन और 'सौंसर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन' के संयुक्त तत्वावधान में रिधोरा में आयोजित आरेंज फेस्टिवल की श्रृंखला में मंगलवार को किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित होने जा रहा है।ग्राम रीधोरा घोघरा में विगत 10 फरवरी से जारी आरेंज फेस्टिवल में बड़े पैमाने पर क्षेत्र के अलावा महाराष्ट्र ओर जिले से किसान कृषि विशेषज्ञ पहुंचकर उन्नत कृषि को लेकर मार्गदर्शन दे रहे हैं।

साथ ही संतरा महोत्सव के कृषि प्रबोधन के साथ-साथ विदर्भ की लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिल रही है। ऑरेंज फेस्टिवल आयोजन पूर्व विधायक अजय चौरे ने बताया की मगलवार को दोपहर 3 बजे आयोजित विशेष कृषि सत्र में प्रख्यात संतरा विशेषज्ञ प्रवीण बेलखेडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। श्री बेलखेडे को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा आयोजित 'एग्रो विजन' जैसी प्रतिष्ठित प्रदर्शनियों में मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया जाता रहा है। उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उनके मार्गदर्शन में विदर्भ, पांढुर्णा और सौंसर के सैकड़ों किसान आज आधुनिक और लाभदायक संतरा खेती कर रहे हैं। प्रमोटर, सौंसर एफपीओ श्री चौरे ने की बताया कि वर्तमान में कपास, सोयाबीन और मक्का जैसी फसलों की अनिश्चितता के बीच संतरा ही किसानों के लिए आशा की किरण है।

ओडीपीओ एक जिला एक उत्पाद) योजना के तहत जिला प्रशासन ने इसे प्रमुख उत्पाद माना है। इसी दूरगामी सोच के लिए कार्यक्रम में कलेक्टर महोदय, पांढुर्णा का विशेष अभिनंदन भी किया जाएगा,शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज़ होगा। इसमें विदर्भ के सुप्रसिद्ध गायक यादवराव कन्होलकर उनके साथी उत्कृष्ट डाहाका वादन की प्रस्तुति देंगे। महाराष्ट्र विदर्भ के कलाकारों द्वारा दी जाने वाली ये मनमोहक प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी

## पत्नी ने लगाई फांसी, पति ने पिया जहर

**मोरघाट में दर्दनाक घटना, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा क्षेत्र के मोरघाट गांव में रविवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि पत्नी को फंदे पर लटका देख पति ने सदमे में जहरीली दवा पी ली। पति को गंभीर और बेहोशी की हालत में छिंदवाड़ा रेफर किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।खेत के कोठे में मिला शवनंदनवाड़ी चौकी प्रभारी आशीष भीमटे के अनुसार मृतका की पहचान 45 वर्षीय लीला धुर्वे के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय लीला अपने पति फूलाराम के साथ खेत में बने मकान में मौजूद थीं। पत्नी को फांसी पर लटका देख पति घबरा गया और उसने जहर का सेवन कर लिया। पति की हालत नाजुक, अस्पताल से रेफरस्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद



108 एंबुलेंस की मदद से फूलाराम को पांढुर्णा सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल के डॉक्टर डॉ. आदित्य कड़वे ने बताया कि जांच के दौरान मरीज के मुंह से जहरीली दवा की गंध आ रही थी।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें छिंदवाड़ा रेफर किया गया, जहां इलाज जारी है।पत्नी थी बीमारी से परेशान, जांच जारीस्थानीय लोगों के अनुसार लीला धुर्वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। आशंका जताई जा रही है कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया होगा। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## अर्धनारीश्वर मंदिर प्रांगण में गूँजा संघ का घोष



**सौंसर।** मोहगांव स्थित सुप्रसिद्ध श्री अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान के पावन प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 'अखिल भारतीय घोष' कार्यक्रम गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी अनुशासित प्रस्तुति और घोष वादन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।कार्यक्रम की मुख्य विशेषता स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत की गई भगवान भोलेनाथ की स्तुति रही। घोष (बैंड) की मधुर और वीर रस से ओतप्रोत ध्वनियों के बीच महादेव का गुणगान किया गया,संघ की इस अनुशासित प्रस्तुति ने मंदिर की आध्यात्मिक आभा में चार चाँद लगा दिए। आयोजन संघ के अनुभवी नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। समापन पर मंदिर संस्थान की ओर से भी इस आयोजन की सराहना की गई।

### कवि एस.आर. शेंडे का काव्यपाठ आज आकाशवाणी से होगा प्रसारित

**सौंसरः** अपनी ओजस्वी वाणी और क्रांतिकारी कविताओं के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सौंसर के गौरव, कवि एस.आर. शेंडे एक बार फिर अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं से रूबरू होंगे। मंगलवार को सुबह 7:20 बजे आकाशवाणी केंद्र छिंदवाड़ा से उनके काव्यपाठ का विशेष प्रसारण किया जाएगा,आकाशवाणी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'शब्दचित्र' के अंतर्गत होने वाले इस प्रसारण में श्री शेंडे समसामयिक विषयों पर आधारित अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। वे अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज की वर्तमान स्थिति और ज्वलंत मुद्दों को शब्दबद्ध करेंगे।यह पहला अवसर नहीं है जब श्री शेंडे की आवाज रेडियो के माध्यम से घर-घर पहुँचेगी। इससे पूर्व भी देश और समाज के गंभीर विषयों पर उनकी अनेक भेंटवार्ताएं प्रसारित हो चुकी हैं। ज्वलंत मुद्दों पर उनके काव्यपाठ को श्रोताओं द्वारा समय-समय पर सराहा गया है।

### कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

## पीएमएफएमई योजना की धीमी प्रगति पर नाराज हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य



उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) की धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर भी जिले की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर श्री नारायन ने उप संचालक उद्यानिकी को निर्देशित किया कि बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रकरणों में ऋण वितरण (डिस्बर्समेंट) सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल सके और स्वरोजगार को बढ़ावा मिले।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की विभागवार स्थिति जानी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की ग्रेडिंग कमजोर है, उनके नोडल अधिकारी तत्काल कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी को अंतिम ग्रेडिंग जारी होने वाली है, इसलिए सभी विभाग शेष प्रकरणों का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण करें। कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान पर जोर दिया जाए।

### छिंदवाड़ा–सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग की समीक्षा

बैठक में छिंदवाड़ा–सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एनएच अधिकारियों ने जानकारी दी कि सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि भविष्य में सड़क की नियमित मॉनिटरिंग की जाए ताकि आवागमन में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### एमआरपी से अधिक वसूली पर सख्ती

बैठक में यह भी बताया गया कि लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कुछ दुकानदार एमआरपी से अधिक मूल्य पर सामान बेच रहे हैं। इस पर कलेक्टर श्री नारायन ने सहायक नियंत्रक, नापतौल विभाग को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

## शिवोम तीर्थ में महाशिवरात्रि पर आस्था का विराट संगमः रात्रि 3 बजे तक चला भव्य महारुद्राभिषेक



**छिंदवाड़ा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के साऊथ सिविल लाईन गुरैया रोड स्थित स्वामी शिवोम् तीर्थ कुंडलिनी महायोग आश्रम दुर्गा मंदिर ट्रस्ट में भव्य रात्रि कालीन महारुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। रात्रि 10 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 3 बजे तक चले इस दिव्य अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।पूरे आश्रम परिसर में 'हर-हर महादेव' और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा। विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गन्ना रस, सेव मौसम्बी, पाइनेप्पल, अनार, अनानास के जूस एवं पवित्र जल से किया गया। भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक पूजन-अर्चन कर परिवार व देश -समाज की सुख-समृद्धि, आरोग्य और शांति की कामना की।इस अवसर पर स्वामी सदानंद तीर्थ ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि की रात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की रात्रि मानी जाती है। इस दिन उपवास, जप, ध्यान और रुद्राभिषेक करने से मनुष्य को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन के कष्टों का निवारण होता है।स्वामी जी ने बताया कि महाशिवरात्रि आत्मजागरण और साधना की रात्रि है। यह पर्व हमें संयम, सेवा, साधना और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में शिवत्व के गुणों—करुणा, धैर्य और त्याग—को अपनाएं।कार्यक्रम के दौरान आश्रम को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे आध्यात्मिक वातावरण और भी दिव्य बन गया। मंदिर ट्रस्ट और सेवादारों की उत्कृष्ट व्यवस्था के कारण आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।महाशिवरात्रि की इस पुण्य रात्रि में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि छिंदवाड़ा में आस्था और धर्म के प्रति लोगों की गहरी निष्ठा है।

## शिवपुरी जिले में अधिवक्ता की हत्या का मामला

# अधिवक्ता संघ चौरई ने प्रदर्शन कर वकीलों के प्रोटेक्शन एक्ट की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

अधिवक्ता संघ चौरई के सदस्यों ने सोमवार को एक पैदल मार्च निकालकर तहसील कार्यालय में राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या के विरोध में किया गया। संघ ने मृतक के परिजनों के लिए एक करोड़ रुपये मुआवजे, सरकारी नौकरी और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की मांग की। यह घटना दो दिन पहले 14 फरवरी 2026 को हुई थी।



अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना अपनी मोटरसाइकिल से घर से न्यायालय जा रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। इस जघन्य वारदात ने प्रदेश भर के अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अधिवक्ता सक्सेना ने एक जमीन विवाद का मुकदमा जीत लिया था। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष ने सुपारी देकर उनकी हत्या करवाई। इस घटना से पूरे अधिवक्ता समुदाय में भारी रोष है। मध्य प्रदेश सहित देश भर में अधिवक्ताओं पर हमले और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हत्या के विरोध में और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर चौरई अभिभाषक संघ के सभी सदस्यों ने 16 फरवरी 2026, सोमवार को न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहने का निर्णय लिया।

### अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**तामिया।** शिवपुरी के अधिवक्ता स्व. संजय सक्सेना को एक करोड की राशि का मुआवजा, उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी, हत्यारो पर कठौर कार्यवाही एवं अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट के संबंध में अधिवक्ता संघ तामिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन तहसीलदार तामिया को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश कौशल जैन,उपाध्यक्ष फागलाल मरकाम,सचिव हरभजन साहू सहित समस्त अधिवक्ता संघ सदस्य उपस्थित रहे। ज्ञापन के अनुसार शिवपुरी के अधिवक्ता श्री स्व. संजय सक्सेना दिनांक 14 फरवरी को मोटर साईकिल से कोर्ट जाते समय यूनीफार्म में ही गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई हैं. जिससे समुचे प्रदेश के अधिवक्तागणों में आक्रोश है। इस संबंध में अधिवक्ता संघ की निम्न मांगे है। जिसमे स्वर्गीय अधिवक्ता श्री संजय सक्सेना के परिजनो को एक करोड का मुआवजा आश्रितों को सरकारी नौकरी देने,अधिवक्ता श्री संजय सक्सेना के हत्यारों एवं हत्या में सम्मिलित सभी लोगों से शीघ्र अतिशीघ्र गिरफतार कर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू करने सहित तीनों मांगो का तत्काल स्वीकार करने की पुरजोर मांग हर अधिवक्ता संघ करता है।



## 185 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**परासिया** :- ग्राम भमोड़ी स्थित शांतिधारा आश्रम में निशुल्क स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 185 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां वितरित की गयी। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया , कि 40 मरीजों की ईसीजी जांच की गयी। बीपी , शुगर तथा हेमोग्लोबीन जांच की गयी। शिविर में नेत्र परीक्षण कर चिन्हित मोतियाबिंद के 18 मरीजों को आपरेशन के लिए देवजी नेत्र चिकित्सालय जबलपुर भेजा गया। दंत चिकित्सक डा प्रीतिबाला ने दंत रोगियों की जांच की। डा पवन स्थापक की टीम ने आंखो की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में सीएचओ सोनू रावतेल , विशाल लाउत्रे , आशा कार्यकर्ता गीता मारवाड़ी , पुष्पा भारती , आरती , रेखा विश्वकर्मा , सचिव राजेश सेंगर , जीआरएस इकबाल अहमद , पुनीत पुरी , नितेश नाविक , सागर सूर्यवंशी , नितिन राय , सरपंच भारती उइके अंबाडा , सरपंच मोहन कहार बरारिया , घनश्याम मरकाम सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांढुर्णा की सड़क सुरक्षा पर बड़ा मंथन, तेली समाज ने सांसद के सामने रखा बायपास और ओवरब्रिज का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा की जनसुरक्षा और क्षेत्रीय विकास को लेकर एक अहम पहल सामने आई है। तेली समाज संगठन तेली समाज संगठन पांढुर्णा के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष भूषण केवटे के नेतृत्व में सांसद विवेक बंटी साहू से उनके छिंदवाड़ा स्थित कार्यालय में मुलाकात की।

बैठक में क्षेत्र में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने भारी वाहनों हेतु मोरडोंगरी-अमरावती बायपास निर्माण की मांग रखी। साथ ही घनपेठ, मोरडोंगरी एवं देवखापा टी-पॉइंट पर



ओवरब्रिज निर्माण तथा भूली जलाशय क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात सुधार संबंधी मांगों को मजबूती से रखा गया। सांसद श्री साहू ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

बैठक में संरक्षक सुनील घाटोडे, सचिव योगिराज वानोडे, अशोक घाटोडे, शांताराम केवटे, मदन साहू, राजू रेवतकर, विष्णु लेंडे, राहुल मदनकर, महेश साहू, शंकरराव भद्रे, रविंद्र बावनकर, रामेश्वर खोड़े, नरेश वघाले, मनोज घोड़े, मनीष मेटांगले, संजय रेवतकर, अनिल ठोम्बरे, पुरुषोत्तम वघाले, नारायण लेंडे एवं लेखराज बालपांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी समस्या का समाधानः पार्षद के प्रयासों की सराहना

**जुन्नारदेव।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 8 स्थित प्राचीन काली मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं और वार्डवासियों को पिछले कई वर्षों से एक बड़ी बुनियादी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मंदिर परिसर में यूरिनल की व्यवस्था न होने के कारण यहाँ आने वाले भक्तों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी असुविधा होती थी। लंबे समय से इस कमी को दूर करने की मांग की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई है।पार्षद की पहल लाई रंगःवार्ड क्रमांक 8 के सक्रिय पार्षद प्रमोद बंदेवार ने जनभावनाओं और श्रद्धालुओं की इस समस्या को बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने बिना देरी किए इस समस्या के त्वरित निराकरण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे स्वच्छता विभाग के सभापति अपील समिति सदस्य संजय जैन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ नेहा धुर्वे को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। पार्षदने प्रशासनिक स्तर पर इस कार्य को प्राथमिकता देने और जनहित में जल्द से जल्द यूरिनल स्थापित करने का पुरजोर आग्रह किया।प्रशासन की तत्परता और त्वरित कार्रवाईःपार्षद के निरंतर प्रयासों और प्रभावी संवाद का असर देखने को मिला। नगर पालिका प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे और सीएमओ नेहा धुर्वे के निर्देश पर काली मंदिर परिसर में व्यवस्थित यूरिनल का निर्माण/स्थापना करा दी गई है।

## परासिया रेलवे स्टेशन परिसर में शराबियों का उत्पात मोबाइल छीनकर भागे

**परासिया** :- परासिया रेलवे स्टेशन परिसर में शराबियों द्वारा उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्टेशन परिसर में शराब पीकर हंगामा कर रहे कुछ शराबियों को रोकने पर उन्होंने एक रेलवे कर्मचारी का मोबाइल फोन छीन लिया।बताया जा रहा है , कि मोबाइल छीनने के बाद शराबी मौके से भागने लगे , लेकिन रेलवे कर्मचारी ने साहस दिखाते हुए उनके पीछे दौड़कर अपना मोबाइल वापस छुड़ा लिया। इसके बाद जब रेलवे कर्मचारी ने शराबियों को पकड़ने का प्रयास किया तो वे भाग निकलने में सफल हो गए।घटना के दौरान रेलवे पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड किया और मामले की जानकारी परासिया रेलवे के उच्च अधिकारियों को दी गई है। सूत्रों के अनुसार घटना को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील सार्वजनिक स्थल पर इस प्रकार की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन परिसर में सुरक्षा बढ़ाने और शराबियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## अस्पताल में कुष्ठ रोगियों का जल तेल पद्धति से किया उपचार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नगर के वीर शिरोमणी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग पीड़ति मरीजों के लिए क्षमता और विकृति बचाव शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी के निर्देशन और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद भलावी के नेतृत्व में शिविर का आयोजन कर कुष्ठ के मरीजों का जल-तेल पद्धति से उपचार किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा कीट और अन्य सामग्री मरीजों को निःशुल्क प्रदान की गई। शिविर में 15 कुष्ठ रोगी को जल तेल उपचार और विकृति से बचाव के लिए आवश्यक व्यायाम सिखाए गये। हाथ पैरों में सुन्नपन वाले रोगियों को एमसीआर सैंडल और टब दिए गये। जांच में आए संभावित रोगियों की कुष्ठ रोग की जांच की गई। इस कार्यक्रम में डॉ दिनेश धाकड़, जवाहर बिसेन, जानकी हरीनखेडे, वेनिस गेडाम, सचिन अग्रवाल, सत्यम राहंगडाले, दशरथ भगत, जी.आर. भलावी और जिला कुष्ठ कार्यालय से बैजनाथ राहंगडाले और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घायलों को उचित उपचार के लिए भेजा गया बालाघाट

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में 4 घायल, एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। वारासिवनी क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव शंकर के मंदिरों व प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर दर्शन और घूमने निकले लोगों के लिए दिन दुखद साबित हुआ। ग्राम कटंगझरी, रमरमा, नरोड़ी और कौलीवाड़ा मार्ग पर अलग-अलग हुए चार सडक़ हादसों में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।**



जानकारी अनुसार लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर निवासी राधेलाल कावरे 58 वर्ष दोपहिया वाहन से भगवान महादेव के दर्शन करने के लिए ग्राम रमरमा गया हुआ था। जहॉ पर भगवान महादेव के दर्शनों के बाद वह अपनी बाईक से वापस लौट रहा था, तभी ग्राम कटंगझरी के पेट्रोल पंप के पास वह सडक़ हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद घायल राधेलाल कावरे को 108 एम्बुलेंस की मदद से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लाया गया। जहॉ चिकित्सकों ने उसका परीक्षण करने उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरा हादसा ग्राम रमरमा में ही हुआ। जहॉ महादेव पहाड़ी पर महादेव के दर्शन करने के लिए गई 45 वर्षीय महिला गीता बारसागड़े को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महिला के पैर में गंभीर चोट आ गई। जिसे शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाया गया। जहॉ पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया।

वहीं तीसरा हादसा ग्राम कौलीवाड़ा में हुआ। जहॉ पर दो बाईक की आपस में टक्कर हो गयी, जिसमें अभय चौरे 22 वर्ष एवं हीरालाल नेवारे उम्र 40 वर्ष घायल हो गए। घायल अभय को हाथ व सर तथा हीरालाल को पैर में चोट आने पर दोनों को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लाया गया। जहॉ डॉक्टर विक्रम शरणागत द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट दिया गया। तीनो ही घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी अस्पताल लाया गया था।

वही चौथा हादसा ग्राम डोरली के समीप हुआ। जहॉ पर अशोक सैययाम नामक युवक की बाईक अनियंत्रित होकर एक बुजुर्ग की सायकल से जा टकराई। घायलों को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वारासिवनी अध्यक्ष सुनील राणा, सरंडी निवासी उज्जवल, प्रज्जवल व कुलदीप गौतम ने अपने निजी वाहन से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया।

# नागपुर जाने घर से निकले शख्स की कुएं में मिली लाश

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर रोजी-रोटी कमाने के लिए जा रहे एक 51 वर्षीय शख्स की घर से करीब 01 किमी दूर कुएं से लाश बरामद की गई है। लाश मिलने के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जाम की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह करीब 11 कटंगी पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जाम में नोमेश्वर बिसेन के खेत में गांव के ही दिलीप पिता चुन्नीलाल समरिते की लाश मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसने मृतक के परिजनों की मौजूदगी में लाश बरामद की और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक के पुत्र प्रवीण ने पुलिस को बताया कि उसके पिता 16 फरवरी सोमवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे घर से नागपुर जाने के लिए निकले थे। ट्रेन का वक्त होने के बाद जब उन्होंने अपने पिता से फोन पर संपर्क किया तो लगातार रिंग जाने के बावजूद पिता ने फोन नहीं उठाया। शुरुआत में पिता के फोन ना उठाने को परिवार के सभी लोगों ने नजरअंदाज किया लेकिन जब 8 बजे के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया तो पिता की चिंता सताने



लगी और परिजनों ने अपने नाते रिश्तेदारी में उनके बारे में पता लगाना शुरू किया। सुबह 9 बजे परिजन उनकी तलाश में लखनवाड़ा रेलवे स्टेशन गए जहां तमाम लोगों से पूछताछ की लेकिन किसी ने भी दिलीप को स्टेशन में नहीं देखा। प्रवीण बताते है कि ऐसे में घर से स्टेशन के बीच के सभी नाले और कुएं में उनकी तलाश की गई। लखनवाड़ा से जाम घर आते वक्त नोमेश्वर बिसेन के खेत के पास पिता के फोन की रिंग की आवाज सुनाई दी तब खेत के कुएं में तलाश की सुबह साढ़े 10 लाश मिली तब पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश बरामद की और पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया शाम 4 बजे के बाद मृतक के शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। मृतक के पुत्र को संदेह है कि शायद पिता खेत की तरफ लखोरी या चना तोड़ने के लिए गए होंगे जहां पैर फिसलने से कुएं में गिरने से उनकी मौत हो गई। दिलीप की मौत पर परिजनों को किसी तरह का कोई संदेह नहीं है।

## महादेव महोत्सव में लोक-भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका की मनोहारी प्रस्तुतियाँ

# शिव विवाह से तांडव तकः कोटेश्वर धाम लांजी में सजी कला और आस्था की भावमयी संध्या

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित ₹महादेव महोत्सव₹ का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन बालाघाट के सहयोग से आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में शिव-शक्ति की विविध कलात्मक अभिव्यक्तियाँ एक मंच पर साकार हुईं। शिव विवाह से लेकर तांडव और मोक्ष तक की आध्यात्मिक यात्रा को लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गया। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और कला के सुरम्य संगम से आलोकित हो उठा।



कार्यक्रम की शुरुआत छतरपुर के लोकगायक रामसिंह राय के मधुर लोकगायन से हुई। उन्होंने करवे सब की खबरिया कोटेश्वर बाबा भोलेनाथ जी... से मंगलाचरण करते हुए वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इसके बाद ₹शिव शंकर दूल्हा बन आये, नोनी बनी बारात चलो देखने चलिए... गीत के माध्यम से शिव विवाह की रम्य छटा का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया।

भोपाल की सुश्री वीथिका मिस्त्री एवं उनके दल ने ओडिसी नृत्य पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर शिव कथा को सजीव कर दिया। प्रस्तुति का आरंभ मंगलाचरण से हुआ, जिसमें लंकापति रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्तोत्र ₹जटाटवी गलज्जल प्रवाह पावितस्थले... पर प्रभावशाली नृत्य संयोजन प्रस्तुत किया गया।

जबलपुर के गायक ईशान मिनोचा एवं उनके साथियों ने भक्ति गायन प्रस्तुत किया। गणेश वंदना से आरंभ हुई प्रस्तुति में महाकाल की बस्ती..., ॐ नमः शिवाय..., ₹मेरा भोला है भंडारी..., भांग तेरी शिव नाथ जी..., भोले का दीवाना... और उठा के कांवड़ चले रे कांवड़िये...जैसे भजनों ने पूरे परिसर को शिवमय बना दिया।

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना महिलाओं का समूह

# आजीविका मिशन से जुड़कर 13 महिलाओं के जीवन में आयी खुशियां



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कुल्पा के कृष्णा आजीविका स्व-सहायता समूह की 13 साधारण लेकिन दृढ़ निश्चयी महिलाओं ने अपने जीवन में एक नई दिशा पाई है। यह समूह आज पूरे गांव में आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुका है। ग्रुप के गठन के साथ ही सभी सदस्यों ने अनुशासन और एकजुटता को अपनी ताकत बनाया। पहले 11 सूत्रों का पालन शुरू किया गया, जो समय के साथ बढ़कर 13 सूत्र हो गए। नियमित बैठकें, हर माह बचत, समय पर ऋण वापसी और सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया ने समूह को मजबूत आधार दिया। यही अनुशासन आगे चलकर उनकी सबसे बड़ी पूंजी बना।

ग्रुप को बैंक सखी के सहयोग से प्रथम सीसीएल के रूप में 01 लाख रुपये का ऋण मिला। दस सदस्यों ने इस राशि को कृषि कार्य में लगाया और 12 महीनों में ब्याज सहित पूरी राशि बैंक को लौटा दी। यह सफलता उनके लिए नई उड़ान का आधार बनी। द्वितीय सीसीएल के लिए 02 लाख रुपये प्राप्त हुए। पुस्तकला दीदी ने खेत में बोर कराने के लिए 40 हजार रुपये लिए, इमला शेंडे दीदी ने जनरल स्टोर्स और पान दुकान के लिए 30 हजार रुपये, आशा नागपुर, श्याम कला और सत्यभामा बोपचे दीदियों ने बकरी पालन के लिए राशि ली।

आज इस समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो चुकी हैं। वछला दीदी की मासिक आय लगभग 20 हजार रुपये, पुस्तकला दीदी की 25 हजार रुपये, रामबती और इमला शेंडे दीदी की लगभग 15 हजार रुपये तथा विमला नागपुर दीदी की 08 हजार रुपये हो गई है। बकरी पालन और कृषि से जुड़ी अन्य दीदियां भी 04 से 05 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं। नीरा दशहरे दीदी की कहानी सबसे प्रेरणादायक है। उन्होंने समूह से मिले सहयोग और ऋण का सदुपयोग करते हुए अपनी तीनों बेटियों को शिक्षित किया। आज उनकी तीनों बेटियां नौकरी कर रही हैं और लगभग 01 लाख रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं। यह उपलब्धि न केवल एक मां के संघर्ष की जीत है, बल्कि पूरे समूह की सामूहिक शक्ति का प्रमाण भी है।

## 20 फरवरी को खरखड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती समारोह का होगा आयोजन

### जयंती समारोह में विधायक विवेक पटेल प्रमुख रूप से होगें शामिल

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** छत्रपति शिवाजी राजे कुनबी समाज ब्लॉक ईकाई खैरलांजी के तत्वावधान में 20 फरवरी शुक्रवार को खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खरखड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती मनाई जायेगी। यह जानकारी कुनबी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष डेविड सेलोकर के द्वारा दि गई। इस अवसर पर प्रमुख आतिथ्य के रूप वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल ,विशाल राऊत ( खोंगल ) बालाघाट जिलाध्यक्ष कुनबी समाज, डा.रविंद्र ताथोड समाजसेवी वारासिवनी सहित अन्य अतिथीगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के रूपरेखा अनुसार बताया गया की छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती समारोह के अवसर पर सुबह 9 बजे भव्य रैली निकाली जायेगी एवं छत्रपति महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया जाएगा।जिसके बाद अतिथीगणो का स्वागत सत्कार किया जाएगा एंव मंचाशीन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कुनबी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष डेविड सेलोकर के द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर संगठन व समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

### सिवनी में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर में धार्मिक आस्था का अनूठा संगम होने जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 17 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। यह पावन कथा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से सायं 05:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात नियमित रूप से कथा प्रवचन प्रारंभ होंगे। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।
24 फरवरी 2026 को पूर्णाहुति, भंडारा एवं प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### अंचल स्तरीय एकल श्रीहरि सत्संग प्रतियोगिता आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एकल अभियान, भाग सतपुड़ा अंचल सिवनी एवं श्रीहरि सत्संग समिति के तत्वावधान में अंचल स्तरीय एकल श्रीहरि सत्संग प्रतियोगिता–2026 का आयोजन 17 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक कृष्णम् गार्डन लॉन, डी.ई.ओ. कार्यालय के पास, डी.पी. चतुर्वेदी कॉलेज के सामने, सिवनी में आयोजित होगी।
आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता में एकल अभियान अंचल सिवनी के 11 संचों के ग्रामीण क्षेत्रों से आई मंडलियां भाग लेंगी। प्रतिभागी अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कला का प्रदर्शन करेंगे, जिससे भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और समाज में आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार करना है।
आयोजन समिति ने समस्त भाग एवं अंचल, संच, ग्राम समिति के वरिष्ठ समाजसेवी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर ग्रामीण कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि आपकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाएगी।

# शास्त्री वार्ड में महाशिवरात्रि पर चार दिवसीय भव्य आयोजन, शिव बारात ने बांधा समां

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। शास्त्री वार्ड स्थित शिवशक्ति महिला मंडल द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। पूरे वार्ड में उत्सव और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत हल्दी-मेहंदी रस्म से हुई, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, जिसकी शोभा देखते ही बन रही थी। बारात में छोटे-छोटे बच्चों ने देवी-देवताओं का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। कहीं मां काली का सजीव स्वरूप दिखाई दिया तो कहीं भगवान शिव, श्रीराम और अन्य आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।**





ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच निकली शिव बारात ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। अगले दिन महिलाओं द्वारा सुहागले पूजन का कार्यक्रम श्रद्धा और विधि-विधान से संपन्न हुआ। चार दिनों तक चले इस महोत्सव में शास्त्री वार्ड के निवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और आयोजन का भरपूर आनंद लिया कार्यक्रम को भव्य बनाने में अलकेश रजक पूर्व पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव पत्रकार राकेश मालवीय मुकेश सनोडीया रूपेश छोटू गहलोत प्रिंस रामू मालवीय राहुल सनोडीया अभिषेक मालवीय प्रद्युम्न सनोडीया दीपक चिरौंजे पीयूष यादव अभिषेक विष्णु श्रीमती स्वाति शालू रजक श्रीमती वंदना मालवीय प्रिया पप्पी श्रीवास्तव शीतल रीता हरिद्वार रागिनी ठाकुर श्रद्धा ठाकुर सिमरन शिववेदी अर्पिता तासु हनी रागनी बहारे श्रीमती कीर्ति गहलोत श्रीमती उमा श्रीवास्तव एवं अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा शिवशक्ति महिला मंडल की इस पहल ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी सुंदर संदेश दिया।

## भगवान भोलेनाथ की बारात में शामिल हुए श्रद्धालु जन, कमल नगर में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**बरघाट-** नगर के छात्रावास के सामने कमल नगर वार्ड नंबर 20 खूंट (बरघाट) में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव मंदिर में आकर्षक साज सज्जा के साथ आकर्षक लाइटिंग भी की गई थी। इस अवसर पर कमल नगर स्थित शिव मंदिर में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चन एवं भगवान शिव का अभिषेक किया गया। पूजन अर्चन उपरांत कमल नगर के भक्त जनों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात लक्ष्मीनारायण मंदिर से ढोलबाजों के साथ निकाली गयी जिसमें भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की बारात में बाराती गण शामिल होकर नृत्य करते हुए शिव मंदिर पहुंचे। जहां बारात की धूमधाम के साथ अगवानी की गई। फिर शिव मंदिर में प्रतीकात्मक रूप से भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संस्कार संपन्न हुआ, जिसमें जमकर आतिशबाजी की गई। विवाह संपन्न होने के बाद भगवान शिव की महाआरती संपन्न हुई उसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तगणों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## छपारा में आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिवरात्रि का पर्व, हर हर महादेव की गूंज के साथ शहर में निकली महादेव की बारात



सिवनी जिले के छपारा में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया शिवरात्रि का पर्व, भगवान शिव की बारात निकाली गई, यह बारात नगर के तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड से निकाली गई जहां हजारों लोग इस बारात में शामिल होकर हर हर महादेव का जयघोष करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शंकर मढ़ीया पहुंची, नगर के सिद्ध स्थल बड़े बगीचा हनुमान मंदिर से हनुमान सेना के द्वारा भगवान भोलेनाथ की पालकी निकाल कर के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बारात में शामिल होकर शिव मय बना दिया, शिव की बारात में भगवान शंकर कि झांकी, महाराष्ट्र के अमरावती से आई अघोरी बाबा की पूरी टीम, ने ढोल नगाड़ा , डी की धुन में साथ में नाचते हुए शंकर मढ़ीया पहुंची, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन शंकर पार्वती का विवाह देखने के लिए ग्राउंड में बैठे थे, भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह के साथ आतिशबाजी की गई जो आकर्षण रही, हम आपको बता दें कि यह पूरा आयोजन महाकाल समिति के द्वारा नगरवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित होता है, मंच पर मां कात्यानी देवी जागरण के द्वारा धार्मिक गानों की प्रस्तुति दी गई, एवं बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया गया, इस पूरे कार्यक्रम को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने में पुलिस का योगदान रहा, अंत में बारात शामिल सभी श्रद्धालु भक्तों का नगर वासियों का महाकाल समिति ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

# कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सोमवार 16 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की तथा निराकरण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये। उन्होंने विभागवार सी एम हेल्प लाईन प्रकरणों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्ता युक्त निराकरण के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जिलेवार रैंकिंग तथा समाधान में चयनित शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार लंबित सीमांकन, बटवारे, नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों का अवलोकन कर सभी प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश सभी तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम पेयजल आपूर्ति को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जलनिगम के साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उन्होंने भीमगढ बांध से संचालित होने वाली पेयजल योजनाओं से संबंधित विभागों को संयुक्त निरीक्षण कर ग्रीष्म काल में सुगम जलापूर्ति की कार्ययोजना तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने विभागवार स्वरोजगार मूलक योजनाओं की प्रगति की भी योजनावार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक योजना में लक्ष्यानुसार अधिकतम प्रकरण बैंकों को प्रेषित कर पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिये हैं।

# हायर सेकेण्डरी संस्कृत परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर 10 फरवरी 2026 से 7 मार्च 2026 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं।
इसी क्रम में 16 फरवरी 2026 को हायरसेकेण्डरी परीक्षा का विषय संस्कृत जिले के 41 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। इस परीक्षा में कुल 1331 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 1308 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 23 अनुपस्थित रहे वहीं परीक्षा के दौरान नकल निरंक पाया गया। परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के मार्गदर्शन में श्री संदीप ठाकुर एवं श्री शिवम यादव ई-गवर्नेंस सिवनी तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से श्री बी.डी. नोगधे एवं श्री अय्यूब खान द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे, सहायक संचालक श्री आर.पी. पाटिल, प्राचार्य श्रीमती सुनीता ओसवाल एवं श्रीमती प्रतिक्षा मानगडे जिलास्तरीय निरीक्षण दल में शामिल रहे। दल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उमावि बरघाट, शासकीय कन्या उमावि बरघाट, शासकीय उमावि धारनाकला, शासकीय उमावि आष्टा, शासकीय उमावि गंगेरूआ धपारा तथा विक्रम हाई स्कूल बरघाट का निरीक्षण किया गया। विकासखण्ड स्तरीय उडऩदस्ता दलों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई।

# सिवनी नगरपालिका की बैठक स्थगित, कांग्रेस पार्षदों का कलेक्ट्रेट कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगरपालिका परिषद सिवनी में विशेष सम्मेलन की प्रस्तावित बैठक अचानक स्थगित कर दी गई, जिसके बाद शहर की सियासत गरमा गई है। बैठक टलते ही कांग्रेस पार्षदों ने नाराजग़ी जताते हुए सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की।
कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि शहर के विकास और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने के उद्देश्य से बैठक स्थगित की गई। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए।
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने कहा कि बैठक स्थगित करना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आगे बड़ा कदम उठा सकती है।

# सिवनी पुलिस द्वारा सृजन गतिविधियों के अंतर्गत माता शबरी कन्या परिसर की छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु त्रिदिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार सृजन अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में माता शबरी आवासीय शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सिवनी में दिनांक 12 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2024 तक लगातार तीन दिवसीय कराटे (सेल्फ डिफेंस/आत्मरक्षा) का प्रशिक्षण कराया गया। साथ ही हमारी बेटियां सशक्त और बहादुर बने इस हेतु सेफ्टी & अवेयरनेस संबंधित बहुत सारी गतिविधियां, हे ल्प ला इ न 112,1090,1098,1930, संबंधित जानकारी और यूनिफार्म सर्विसेज व और प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतू कैरियर काउंसिलिंग व गाइडेंस पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में लगभग 250 छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सूबेदार जितेंद्र रावतकर,छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती मंजू परते ,श्रीमती भावना चौरसिया जी की उपस्थिति में कराते प्रशिक्षक ओमकार कश्यप व टीम के द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के प्राचार्य मनोहर सिंह राहंगडाले ,मार्गिक फाउंडेशन से शिवानी और अनुराधा जी और मातृशक्ति संगठन से कृति और मधुरिमा ,पुलिस आरक्षक विवेक गोनेकर,संगीता वर्मा, शिवानी अहिरवार,पूजा बघेल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। 250 से अधिक छात्राओं ने शौर्य प्रशिक्षण में उत्साहित होकर प्रतिभागिता दर्ज की।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पेंशन योजना के तहत पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। योजना के द्वितीय चरण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के लिए 15 मार्च 2026 तक अभियान संचालित किया जाएगा।
इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जैसे ऑटो-रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी व्यवसायी, मोची, धोबी, नाई, घरेलू श्रमिक, कृषि एवं निर्माण श्रमिक, स्वरोजगार में कार्यरत मजदूर आदि ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होंगे, जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हों, ईपीएफ/ईएसआईसी/एनपीएस के लाभार्थी न हों, आयकर दाता न हों तथा जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। पात्र श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 से 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान करना होगा, जिसके बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। योजना अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिक को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी। पेंशनधारी की मृत्यु होने पर उनकी विधवा/विधुर को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से योजना छोडऩे पर अंशदान वापसी का विकल्प भी उपलब्ध है। पंजीयन हेतु श्रमिक का आधार नंबर, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाते की पासबुक अनिवार्य है। श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14434 अथवा कार्यालय श्रम पदाधिकारी सिवनी, कलेक्ट्रेट परिसर, कचहरी चौक, पुरातत्व विभाग कक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

# श्री शिव महापुराण एक कुंडीय रुद्र यज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

धर्मानुरागी श्रद्धालुओं के लिए हर्ष का विषय है कि श्री शिव महापुराण एक कुंडीय रुद्र यज्ञ एवं हनुमान जी व शनिदेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन 18 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा।
आयोजन स्थल वेनगंगा तट, छठ पुल देवकरण टोला, तहसील केवलारी, जिला सिवनी में नव निर्मित मंदिर प्रांगण में रखा गया है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को श्री शिव महापुराण कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। कथा वाचन का पावन दायित्व भागवताचार्य पंडित श्री प्रवीन महाराज जी द्वारा निभाया जाएगा। उनके मुखारविंद से शिव महापुराण की कथा एवं रुद्र यज्ञ का आयोजन क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित करेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, हवन एवं प्राण-प्रतिष्ठा की विधियां संपन्न होंगी।
आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।
भक्तों के सहयोग से यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगा तथा समाज में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करेगा।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात सडक़ हादसा हुआ। ब्लॉक कॉलोनी के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची, जिसके बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हादसे में स्लीमनाबाद निवासी श्याम सुंदर (25) को गंभीर चोटें आईं, उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया। दूसरे घायल रवि उइके (34) का इलाज घंसौर अस्पताल में चल रहा है, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया
सूचना मिलने पर घंसौर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी लक्ष्मण झरिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।
स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना स्थल पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। क्षेत्र में रात के समय तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं बढऩे से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और रात में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## रूह कंपाने वाली महंगाई में घटी इत्रों की पूछ परख



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हर वर्ष देखा जाता है कि दीपावली के त्यौहार के पहले कन्नौज से युवा इत्रफरोशों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो बीते हुये लगभग तीन महिनों से नगर सहित क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुये अपना इत्र विक्रय करते हुये देखे जा रहे है। इन इत्र बेचने वाले युवाओं की खूब सूरत पेटियो में गुलाब, केवडा, चमेली, नाग चम्पा, मुश्क, हिना के इत्र के कंटर सजे रहते है तथा ये ग्राहको की मनुहार कर उन्हे इत्र बेच जीविका चलाते है। मगर इत्र का धंधा करने कन्नौज से निकले व्यापारियों द्वारा बताया कि उनके पूर्वज पहले दीपावली के पहले गाडरवारा में मुकाम कर व्यापारियो, सम्पन्नो, मध्यमवर्गीय लोगो को इत्र बेचा करते थे और अच्छा धंधा कर बाखुशी कन्नौज वापिस हो जाते थे, अपने पूर्वजो की परम्परा के अनुसार अब वे भी इत्र बेचने शहर में आए है। किन्तु अब इत्रो की पहले जैसी पूछ परख न रहने से उनका धंधा कमजोर चल रहा है, उन्होने बताया कि खंदली इत्र खरीदने की जहां रूह कॅपाने वाली महॅगाई में लोगों की हिम्मत नही रह गयी है। वही बाजार में कुछ घंटे तक खुशबू बिखेरने वाले परप्यूमो से भी इत्र का धंधा चौपट हो गया है, वही युवा इत्र फरोशों का कहना है कि इस हकीकत के बावजूद वे इसलिए हर दीपावली पर शहर में आते है क्योकि यहां उन्हे अपने पूर्वजो के समान प्रेम, सम्मान मिलता है और जरूरत न रहने पर भी इत्र खरीद लोग उनकी होसला बढ़ाते है।

# कहीं कुत्तों से न फैल जाए बीमारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है, इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है, वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका है? यूं फैलती है बीमारी- आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है, पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है,लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ति कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है, बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। मुहिम चालाई जाए- क्षेत्र में घूमते आवारो कुत्तों में खुजली रोग ज्यादा फैल रहा है, गलियों तथा सड़कों पर घूमतें खुजेरिया कुत्तों से बच्चों को बचाने की चिंता अभिभावकों कों सताने लगी है, शहर के आवारा कुत्तों में तेजी से यह बीमारी फैल रही है, नगरपालिका को पशु चिकित्सालय की सहायता से ऐसे कुत्तों का उपचार करवाकर इन्हें शहर से दूर जंगल में छोड़ा जैसी पहल चलना चाहिए।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 07 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुके हैं। इच्छुक किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे में करा सकतें है।उन्होंने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा। किसान बंधुओं से निर्धारित पंजीयन केन्द्रो में अपनी उपज का पंजीयन कराने की अपील की गई है।

# जनगणना 2027 प्रशिक्षण सत्र का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ आज जिला पंचायत सभा कक्ष, सिवनी में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती शीतला पटले शामिल हुईं।
इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके आधार पर शासन की योजनाओं एवं नीतियों की प्रभावी रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाए तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही उन्होंने आगामी डिजिटल जनगणना को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के प्रत्येक बिंदु को व्यवहारिक रूप से समझने एवं मैदानी स्तर पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसीलदारों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनगणना के प्रथम चरण की कार्यप्रणाली, डिजिटल एप्लीकेशन, डेटा संकलन एवं मैदानी तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर्स श्री संजय सोनी एवं श्री शिवम श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। इस अवसर में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# 2.1 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने छिंदवाड़ा जिले के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि पुलिस टीम धापेवाड़ा और जोधीटोला क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान एक व्यक्ति कंधे पर काला बैग टांगे संदिग्ध हालत में नजर आया। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह झाड़ियों में छिपने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा और पूछताछ की।

बैग की तलाशी लेने पर उसमें से खाकी टेप से लिपटे दो पैकेट मिले, जिनमें गांजा भरा हुआ था। आरोपी की पहचान छिंदवाड़ा निवासी 60 वर्षीय तेजराम वर्मा के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने कबूला कि वह यह खेप ओडिशा से लेकर आया था और छिंदवाड़ा जा रहा था।

आरोपी पहले भी छिंदवाड़ा में गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है और जमानत पर बाहर आते ही फिर से इसी अवैध धंधे में लग गया।

आरोपी छिंदवाड़ा का रहने वाला है, लेकिन वह बालाघाट के ग्रामीण इलाके में पैदल क्यों घूम रहा था। पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि क्या स्थानीय स्तर पर भी कोई उसके संपर्क में था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# अधिवक्ता सुरक्षा कानून बनाने वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की हत्या के विरोध में सोमवार को बालाघाट जिले के वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर जिले भर के वकील न्यायिक कार्य से दूर रहे, जिससे कोर्ट की कार्यवाही प्रभावित हुई। वकीलों ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रवेश मलेवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकील ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। जब डिप्टी कलेक्टर ज्ञापन लेने आए, तो वकीलों ने उन्हें ज्ञापन देने से मना कर दिया और कलेक्टर को ही बुलाने की मांग पर अड़ गए। अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सभी वकील कलेक्ट्रेट परिसर में ही जमीन पर धरने पर बैठ गए।

वकीलों के प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्टर मृणाल मीणा स्वयं उनसे मिलने पहुंचे। अधिवक्ताओं ने उन्हें शिवपुरी की घटना की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

वकीलों ने बताया कि 14 फरवरी को शिवपुरी में कोर्ट जाते समय अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे प्रदेश के वकील समुदाय में डर और गुस्से का माहौल है।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' (अधिवक्ता सुरक्षा कानून) को जल्द से जल्द लागू किया जाए ताकि वकील बिना किसी डर के अपना काम कर सकें।

## मां किरनाई मंदिर किरनापुर के शिवलिंग पर रूद्राभिषेक किया गया

**किरनापुर।** मां किरनाई मंदिर में शिवलिंग पर रुद्राभिषेक जो भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जल दूध और पंचामृत से किया गया जाने वाला एक पवित्र वैदिक अनुष्ठान है जो बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रों का पाठ किया गया और श्रद्धालुओं ने सकारात्मक ऊर्जा के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। मां किरनाई मंदिर की शिवलिंग पर रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मंत्रोप्चार के साथ दूध, दही, घी, शहद और जल से शिवजी का अभिषेक किया गया, यह अनुष्ठान सुख समृद्धि कष्टो के निवारण और मनोकामना पूर्ति के लिए विधि विधान से संपन्न किया गया। कार्यक्रम के पश्चात शिवजी की आरती एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में ग्राम के श्रद्धालु जनों बच्चों, युवाओं, महिलाओं, पुरूषों, एवं ग्राम के समस्त व्यापारीगणो की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# कलेक्टर ने की शिक्षा संबंधी कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 16 फरवरी को जिले के सभी विकासखंड के बीईओ एवं बीआरसी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान एवं सर्व शिक्षा अभियान के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समनव्यक श्री जीपी बर्मन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया भी उपस्थित थी। बैठक में ई-अटेंडेंस, छात्रवृत्ति वितरण, विद्यार्थियों के नामांकन, ड्रापआउट पुस्तक वितरण, मेंटर विजिट एवं एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक शाला व आंगनवाडी की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि शिक्षकों की हमारे शिक्षक एप्प पर ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से लगायी जाए और इसमें कमी नही आना चाहिए। ई-अटेंडेंस नही लगाने वाले शिक्षको का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि कोई भी छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित नही रहना चाहिए। छात्रवृत्ति के लिए ओटीआर एवं प्रोफाईल अपडेशन का कार्य पूर्ण नही करने वाले प्राचार्यों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। समीक्षा में पाया गया कि विकासखंड बालाघाट, बैहर, बिरसा एवं खैरलांजी में प्रोफाईल अपडेशन का कार्य संतोषजनक नही है। इस पर इन विकासखंडों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को 17 फरवरी तक यह कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए और कहा गया कि जिन अशासकीय शालाओं द्वारा इसमें सहयोग नही दिया जा रहा है उनके विरूद्ध कार्यवाही करें।

# परसवाड़ा की आवाज बनकर फिर गरजेंगे मधु भगत, बजट सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने दूसरे कार्यकाल में भी उसी आक्रामक अंदाज और सक्रियता के साथ मैदान में हैं, जिसकी पहचान उन्होंने पहले कार्यकाल में बनाई थी। क्षेत्र से लेकर विधानसभा तक उनकी उपस्थिति लगातार प्रभावी रही है। आगामी बजट सत्र में एक बार फिर वे परसवाड़ा की समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाने की तैयारी में हैं।

विधायक मधु भगत की खास बात यह है कि वे सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से मुद्दों को सदन तक पहुंचाकर उनके समाधान का रास्ता भी तलाशते हैं। मुख्यमंत्री से उनके व्यक्तिगत और मित्रवत संबंध हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी इन संबंधों को व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं रखा। बल्कि इसका उपयोग क्षेत्र के विकास कार्यों की स्वीकृति और योजनाओं को गति देने में किया है।

परसवाड़ा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण करने के लिए उन्होंने एक व्यवस्थित विकास खाका तैयार किया है। सड़कों की जर्जर स्थिति हो, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, स्कूलों में संसाधनों का अभाव, सिंचाई परियोजनाओं की आवश्यकता या फिर विद्युत आपूर्ति की समस्या—इन सभी मुद्दों को उन्होंने विधानसभा में लगातार उठाया है। सदन में उनके सवालों और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों का ही परिणाम है कि परसवाड़ा को विभिन्न मदों में करोड़ों रुपये की स्वीकृतियां मिली हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में भी वे नई संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। हाल ही में बालाघाट प्रवास पर आए मुख्यमंत्री को उन्होंने एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर परसवाड़ा में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और रोजगार सृजन की मांग की। उनका स्पष्ट मानना है कि केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि उद्योगों और स्थानीय रोजगार के अवसरों से ही क्षेत्र का वास्तविक आर्थिक विकास संभव है।

एक जनप्रतिनिधि के रूप में मधु भगत अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निभा रहे हैं। वे नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करते हैं, ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हैं और उन्हें प्रशासनिक स्तर पर हल कराने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि उनकी छवि एक सक्रिय और जवाबदेह विधायक की बनती जा रही है।

हालांकि मुख्यमंत्री से उनके मधुर संबंध हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वे सरकार की हर नीति से सहमत हैं। विधानसभा के भीतर वे कांग्रेस विधायकों के साथ मिलकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने से भी पीछे नहीं हटते। जनहित के मुद्दों पर उनका रुख स्पष्ट और बेबाक रहता है।

आगामी बजट सत्र में परसवाड़ा के लिए और अधिक संसाधन, नई परियोजनाओं की स्वीकृति तथा लंबित विकास कार्यों को गति देने के लिए वे रणनीतिक तैयारी में जुटे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बार वे सड़क, सिंचाई और औद्योगिक विकास को लेकर सरकार पर दबाव बनाने वाले हैं।

परसवाड़ा की जनता की उम्मीदें एक बार फिर अपने विधायक से जुड़ी हैं। अब देखना यह है कि बजट सत्र में उनकी आवाज कितनी बुलंद होती है और परसवाड़ा को विकास की दौड़ में कितनी नई सौगातें मिलती हैं।

# महाशिवरात्रि पर आस्था का उमड़ा सैलाब, विधायक पारधी ने विभिन्न शिव धामों में किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी दिनभर विभिन्न प्रमुख शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजन एवं जलाभिषेक करते रहे। उन्होंने प्रत्येक स्थल पर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

विधायक गौरव पारधी ने झरिया पहाड़ी पर स्थित प्राचीन और आस्था के केंद्र झरिया महादेव पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए उपस्थित होते रहे। विधायक जी ने मंदिर परिसर में भक्तों से संवाद भी किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झरिया महादेव क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर दूर-दूर से लोग पहुंचते है।

विधायक जी ने इस दौरान श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनकी आस्था एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि नांदिया लेकर पहुंचने की यह परंपरा हमारी संस्कृति और श्रद्धा की गहराई को दर्शाती है। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों के उत्साह ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर रमरमा महादेव में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालु जल, दूध और पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर परिसर में लगातार मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन चलता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।विधायक गौरव पारधी ने यहां पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और उपस्थित श्रद्धालुओं से भेंट की। उन्होंने कहा कि रमरमा महादेव क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां महाशिवरात्रि पर हर वर्ष बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की।

कटंगी नगर में निकली भव्य शिव बारात में विधायक जी शामिल हुए और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात उन्होंने सेरपार महादेव में भक्तों के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की उन्नति और शांति की कामना की।

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 16 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि वन मित्र पोर्टल पर वन अधिकार पट्टा के लिए दर्ज आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर पात्र व्यक्तियों को पट्टे प्रदान किये जाए। इसी प्रकार वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन किये जाने के प्रकरणों का शीघ्रता से निरकारण करने कहा गया। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में लगाये जा रहे शिविरों में प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने कहा गया। ड्रग इंस्पेक्टर को मेडिकल स्टोर्स एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को होटल, रेस्टारेंट आदि का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए।

इसी प्रकार नगरीय निकायों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गए। बैठक में जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री एवं वैनगंगा संभाग के कार्यपालन यंत्री के अनुपस्थित रहने पर उनका 02 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। समाधान एक दिन में सेवा पोर्टल का अधिक से अधिक लोग उपयोग कर सके इसके लिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गए। सभी अधिकारियों को एमपी ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के अंतर्गत ऑनलाईन प्राप्त होने वाले पत्रों एवं फाइलों का निराकरण करने कहा गया। समीक्षा के दौरान एमपी ई-आफिस के माध्यम से पत्रों एवं फाइलों का निराकरण नही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि समय सीमा में नाट अटेंडेंट वाली शिकायतों के प्रकरण में संबंधित अधिकारी को उसका 01 दिन का वेतन काटने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के लंबित पाए जाने पर जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को 500 दिनों से अधिक की लंबित 65 शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

# अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव पर कोसमी में शानदार कवि सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट स्थित कोसमी में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव का आयोजन कर जिला स्तरीय नव निर्मित त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी का लोकार्पण,थाईलैंड देश से प्राप्त सम्यक संबुद्ध प्रतिमा का अनावरण एवं भिक्खु निवास का उद्‌घाटन किया गया.कार्यक्रम अध्यक्षता _जगत विख्यात संघ रतन मानके ,संस्थापक अध्यक्ष,पन्नया मेत्ता संघ भारत उद्‌घाटक भदंत खोशो तानी जी,पन्ना मेत्ता जापान समिति/मुख्य विहाराधिपति सायकोजी गुम्मा जापान उपस्थित थे.कार्यक्रम में थाईलैंड, जापान, तिब्बत, ताईवान, बौद्ध गया, नागपुर कामठी सहित कैसे देशों के भंते संघ, भारत के विभिन्न राज्यों के धम्म गुरु उपस्थित थे. उक्त अंतर्राष्ट्रीय धम्म महोत्सव भदन्त धम्म शिखर बालाघाट के नेतृत्व और दिशा निर्देशन में किया गया था जिसका संचालन बालाघाट जिला बौद्ध संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागढ़े द्वारा किया गया.इस अवसर पर अखिल भारतीय मंचों पर जिले का गौरव बने सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा हजारों की संख्या में उपस्थित धम्म जनों की उपस्थिति में काव्यपाठ किया गया. कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि व व्यंग्यकार शैलेश शैल ने शानदार काव्य अज्ञान के अंधकार को मिटाकर बुद्ध नें ज्ञान के उजाले दिये. गीतकार गोविंदा गांवठी चिंतन की बात की-ञ्ये तथागत इतना सा वरदान दो,बाबा साहेब की जैसी संतान दो।सबके हाथों में साहेब का संविधान दो,इज्जत आज नारी के प्रति संविधान से है। कवियत्री प्रीति बरखा ने पढ़ा -आओ मन की शांति पाकर हम सब ही खुशहाल रहे बुद्ध धम्म की दौलत पाकर हम सब मालामाल रहे सत्य अहिंसा ममता करुणा धम्म यही सिखलाता हैचले बुद्ध के पथ पर तो फिर सुखमय जीवन काल रहे. कवि सम्मेलन की सहभागी कवियों को अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट व पूज्य भदंत अंतर्राष्ट्रीय भंते संघ द्वारा साहित्य गौरव सम्मान से नावाजा गया तथा सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए।

## प्रमुख सचिव लोनिवि भोपाल से मुलाकात कर ठेकेदार ने लिखित शिकायत की

# लोनिवि बालाघाट के कार्यपालन यंत्री पर भुगतान नहीं कर आर्थिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लोक निर्माण विभाग बालाघाट में पदस्थ कार्यपालन यंत्री के के सिंगारे द्वारा ठेकेदारों से स्वीकृति की प्रत्यांशा में ठेकेदारों से अतिरिक्त कार्य करवाने और उसके बाद अतिरिक्त कार्य की राशि का भुगतान नहीं करने से लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो को करने वाले शासकीय ठेकेदारों में बेहद आक्रोश व्याप्त है।

इस संबंध में शासकीय ठेकेदार छोटू ठाकरे ने लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के प्रमुख सचिव से भोपाल में मुलाकात कर कार्यपालन यंत्री के के सिंगारे द्वारा शासकीय ठेकेदारों के साथ किए जा रहे दुव्यवहार व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने की एक लिखित शिकायत करते हुए जॉच करने और उनसे अतिरिक्त करवाए गए निर्माण कार्य की राशि का भुगतान करवाने का अनुरोध किया है।

शिकायत के संबंध में जानकारी देते हुए शासकीय ठेकेदार व जनपद पंचायत वारासिवनी के पूर्व सदस्य छोटू ठाकरे ने बताया कि उनके द्वारा बालाघाट जिले के परसवाड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम चंदना में पीएससी भवन, जी तथा एच टाईप क्वाटर्स का निर्माण कार्य करने का अनुबंध 9 डी एल/ 2023-24 के तहत की गई है। जिसके अंतर्गत उनके द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा 2 करोड़ 52 लाख 56 हजार 600 रुपये के अनुबंधित कार्य के विरुद्ध विभाग द्वारा उनसे 2 करोड़ 60 लाख रुपये का कार्य करवा लिया गया है। उसके बावजूद भी कार्य अधूरा है।

उनके द्वारा किए गए कार्य के एवज में उन्हें 11 चलित देयकों के माध्यम से 2 करोड़ 22 लाख 92 हजार 329 रुपये का भुगतान किया गया है। वर्तमान में उनका 12 वॉ चलित देयक संभागीय कार्यालय बालाघाट में 29 लाख 27333 रुपये का लंबित था। जिसमें से बिना मुझे जानकारी दिए हुए कार्यपालन यंत्री के के सिंगारे द्वारा 10 लाख 30 हजार रुपये काटकर 18 लाख 82 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया। इस संबंध में जब मेरे द्वारा कार्यपालन यंत्री श्री सिंगारे से चर्चा की गई, तो उनका कहना था कि अतिरिक्त कार्य के इस्टीमेट की तकनीकी स्वीकृति नहीं हुई है, इसीलिए उसका भुगतान नहीं किया जा सकता है।


CHHOTU THAKRE
Govt. Contractor

श्री ठाकरे ने बताया कि 12 वें चलित देयक में मुझसे कार्यस्थल पर जो कार्य विभागीय अधिकारियों ने करवाये है, उसमें कुछ कार्य अनुबंधित बीओक्यू में शामिल है और कई कार्य बीओक्यू में सम्मिलित नहीं है। जिन्हें अनुबंध की धारा 20.1 में अतिरिक्त कार्य/अतिरिक्त मात्रा में माना गया है, जिन्हें करने/करवाने के पहले संभागीय कार्यपालन यंत्री सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव भेज कर स्वीकृति/अनुमोदन करवा कर फिर ठेकेदार से करवायेगे। किंतु कार्यपालन यंत्री ने मुझसे कार्य करवा लिए और स्टीमेट बनाने से लेकर तकनीकी स्वीकृति का कार्य नहीं करवाया गया है।

यहीं नहीं मेरे द्वारा उक्त भवन में किए गए कार्य का 12 वॉ देयक संभागीय कार्यालय में मेरे हस्ताक्षर, बिल एवं मेजरमेंट स्वीकार्य है के संदर्भ में पास आर्डर लगने के पूर्व हस्ताक्षर कर दिए गए थे। परंतु कार्यपालन यंत्री द्वारा जानबूझकर मुझे आर्थिक एवं मानसिक क्षति पहुँचाने की मंशा से कम राशि का भुगतान किया गया है।

उन्होंने कार्यपालन यंत्री के के सिंगारे पर आरोप लगाया है कि बीओक्यू में कोई आयटम नहीं था और उसका भुगतान नहीं करना था, तो फिर उनके द्वारा मुझ पर दबाव बनाकर कार्य क्यों करवाया गया? अब जब कार्य करवा लिया गया है, तो भुगतान करने में आनाकानी क्यों की जा रही है और मुझे आर्थिक व मानसिक रुप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े-बड़े ठेकेदारों द्वारा सी एम राईज स्कूल भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जहॉ पर भी यहीं स्थिति है, लेकिन उनका भुगतान कार्यपालन यंत्री के के सिंगारे द्वारा नहीं रोका जा रहा है और हम छोटे ठेकेदारों का भुगतान रोका जा रहा है।

श्री ठाकरे ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग भोपाल को दिए गए शिकायत पत्र में कार्यपालन यंत्री के के सिंगारे को आदेश देकर रोके गए भुगतान को शीघ्र करवाने का अनुरोध किया है और साथ ही बकाया मेजरमेंट चढ़ाकर कार्य को तत्काल समाप्त करवाने की मॉग भी की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कार्यपालन यंत्री की गंदी सोच व प्रताडऩा को देखते हुए उस भवन के बकाया कार्य नहीं करने की बात लिखते हुए उनका अनुबंध समाप्त करने के निर्देश देने की मॉग की है।